दिनांक- 16.06.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 208/26

# महोबा पुलिस

## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री शशांक सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में वर्चुअल जनसुनवाई का आयोजन किया गया, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

- आज दिनांक 16.06.2026 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री शशांक सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा से गूगल मीट के माध्यम से वर्चुअल जनसुनवाई आयोजित की गई। इस पहल के अंतर्गत जनपद के समस्त पुलिस अधिकारी एवं थाना प्रभारी वर्चुअल माध्यम से सीधे जुड़कर जनसमस्याओं के समाधान में सहभागी बने।
- जनसुनवाई के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आये शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना गया तथा संबंधित थाना प्रभारियों से सीधे संवाद स्थापित कर प्रत्येक प्रकरण के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हेतु स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए।
- पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी शिकायतों का निस्तारण पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाए, जिससे आमजन को शीघ्र न्याय एवं राहत प्राप्त हो सके।
- साथ ही उन्होंने जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाते हुए प्रत्येक स्तर पर प्रभावी एवं उत्तरदायी पुलिसिंग सुनिश्चित करने पर बल दिया।

महोबा पुलिस- समस्याओं का समाधान, पारदर्शिता के साथ



दिनांक- 16.06.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 209/26

# महोबा पुलिस

## सर्किल कुलपहाड़ थाना कुलपहाड़

## थाना कुलपहाड़ की पुलिस टीम ने आपराधिक प्रवृत्ति के शातिर अभियुक्त को अवैध तमंचा व कारतूस के साथ किया गिरफ्तार।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के नेतृत्व में, अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वंदना सिंह के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री अनुरुद्ध कुमार के पर्यवेक्षण में जनपद में अवैध शस्त्र/शराब/गांजा/जुआ की बिक्री/तस्करी पर अंकुश लगाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कुलपहाड़ पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई।

थाना कुलपहाड़ में प्रभारी निरीक्षक श्री अवधेश कुमार मिश्रा द्वारा गठित पुलिस टीम, जिसमें उ0नि0 श्रीकृष्ण वैश्य, उ0नि0 सुरेश प्रसाद पटेल, का0 विक्की चौधरी एवं का0 धीरज कनौजिया द्वारा मुखबिर की सूचना/चेकिंग के दौरान दिनांक 15.06.2026 को सतारी गांव जाने वाले रोड पर ग्राम सुगिरा के पास से 01 नफर अभियुक्त सतीश सिंह उर्फ बुग्गी राजा पुत्र सुरेन्द्र सिंह, उम्र करीब 28 वर्ष, निवासी ग्राम बौरा थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा को नियमानुसार गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त सतीश सिंह उर्फ बुग्गी राजा पुत्र सुरेन्द्र सिंह के कब्जे से 01 अदद देशी तमंचा 315 बोर, 01 अदद जिंदा कारतूस 315 बोर एवं 01 अदद खोखा कारतूस 315 बोर नाजायज बरामद किया गया। बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना कुलपहाड़ पर मु0अ0सं0 129/2026 धारा 3/25 आयुध अधिनियम पंजीकृत कर अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया तथा अन्य विधिक कार्यवाही अमल में लाई गई।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1.उ0नि0 श्रीकृष्ण वैश्य, थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा
2.उ0नि0 सुरेश प्रसाद पटेल, थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा
3.का0 विक्की चौधरी, थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा
4.का0 धीरज कनौजिया, थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा

### गिरफ्तार अभियुक्त-

सतीश सिंह उर्फ बुग्गी राजा पुत्र सुरेन्द्र सिंह,
निवासी ग्राम बौरा थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा




### बरामदगी-

- 01 अदद देशी तमंचा 315 बोर
- 01 अदद जिंदा कारतूस 315 बोर
- 01 अदद खोखा कारतूस 315 बोर

### अभियुक्त का आपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0सं0 48/2021 धारा 189/504/506 भादवि व 3(2)5क एससी/एसटी एक्ट थाना कुलपहाड़
2. मु0अ0सं0 142/2022 धारा 323/504/506/354 भादवि व 3(1)द, ध व 3(2)5क एससी/एसटी एक्ट थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा
3. मु0अ0सं0 129/2026 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना कुलपहाड़

दिनांक- 16.06.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 210/26

# महोबा पुलिस

## महिला थाना मिशन शक्ति केन्द्र की पहल से पारिवारिक विवाद का सौहार्दपूर्ण समाधान, काउंसलिंग उपरांत आपसी सुलह-समझौता

❖ पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के निर्देशन में महिला सुरक्षा एवं पारिवारिक विवादों के निस्तारण हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में महिला थाना महोबा स्थित मिशन शक्ति केन्द्र द्वारा सराहनीय कार्य किया गया।

❖ आज दिनांक 16/06/2026 को महिला थाना पर आवेदिका रचना तिवारी पत्नी योगेन्द्र तिवारी निवासी शेखूनगर, थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा द्वारा अपने चचिया ससुर आशाराम पुत्र गोविन्द प्रसाद निवासी चरखारी, थाना चरखारी जनपद महोबा के विरुद्ध गहनों को लेकर बार-बार परेशान करने संबंधी शिकायती प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया।

❖ उक्त प्रार्थना पत्र के संबंध में दोनों पक्षों को महिला थाना स्थित मिशन शक्ति केन्द्र पर बुलाकर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना गया तथा उन्हें समझाया-बुझाया गया।

❖ मामला पारिवारिक विवाद से संबंधित होने के कारण मिशन शक्ति टीम एवं परिवारजनों की उपस्थिति में दोनों पक्षों की काउंसलिंग की गई, जिसमें आपसी संवाद के माध्यम से विवाद को समाप्त करने का प्रयास किया गया।

❖ काउंसलिंग उपरांत दोनों पक्षों ने आपसी सहमति से सुलह-समझौता कर लिया तथा लिखित रूप से अवगत कराया कि अब उनके मध्य कोई विवाद शेष नहीं है और भविष्य में वे सौहार्दपूर्ण ढंग से रहेंगे।

❖ दोनों पक्षों द्वारा किसी प्रकार की पुलिस कार्यवाही न करने तथा भविष्य में इस संबंध में कोई शिकायत न करने की बात कही गई।

❖ अतः दोनों पक्षों के मध्य हुए आपसी सुलह-समझौते के आधार पर प्रकरण का निस्तारण करते हुए महिला हेल्पडेस्क पर सुलहनामा अंकित किया गया।

❖ उक्त कार्यवाही मिशन शक्ति केन्द्र की प्रभावी पहल का परिणाम है, जिससे पारिवारिक समरसता एवं महिला सुरक्षा के प्रति विश्वास सुदृढ़ हुआ है।



दिनांक- 16.06.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 211/26

# महोबा पुलिस

## अपर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा अर्दली रूम में विवेचना गुणवत्ता व अपराध नियंत्रण पर विशेष जोर, मोहर्रम के दृष्टिगत सघन रूट मार्च कर सुरक्षा व्यवस्था का व्यापक निरीक्षण...।

आज दिनांक 16.06.2026 को पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वंदना सिंह एवं अपर जिलाधिकारी श्री कुंवर पंकज द्वारा क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री दीपक दुबे की उपस्थिति में सर्किल चरखारी के समस्त थानों के विवेचकों का अर्दली रूम आयोजित कर जनपद में अपराध नियंत्रण, लंबित विवेचनाओं की प्रगति, IGRS प्रकरणों के निस्तारण, प्रार्थना पत्रों की स्थिति एवं शस्त्र लाइसेंस संबंधी मामलों की समीक्षा की गई।

अपर पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा विवेचकों को निर्देशित किया गया कि विवेचनाओं का निस्तारण समयबद्ध, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने साक्ष्य संकलन को मजबूत करने, वैज्ञानिक एवं तकनीकी साक्ष्यों के उपयोग को बढ़ाने तथा विधिक प्रावधानों का पूर्ण पालन करने पर विशेष बल दिया। साथ ही सभी प्रकरणों का डिजिटल पोर्टलों/ऐप्स पर शत-प्रतिशत एवं समयबद्ध अद्यतन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए, जिससे कार्य में पारदर्शिता एवं जवाबदेही बनी रहे।

इसके अतिरिक्त कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु सतत गश्त, संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सतर्कता एवं आमजन से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं के त्वरित निस्तारण पर भी जोर दिया गया।

अर्दली रूम के उपरांत आगामी मोहर्रम पर्व के दृष्टिगत अपर पुलिस अधीक्षक महोबा एवं अपर जिलाधिकारी द्वारा क्षेत्राधिकारी चरखारी के साथ थाना चरखारी क्षेत्र में भारी पुलिस बल के साथ सघन रूट मार्च कर संवेदनशील, अति-संवेदनशील एवं मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों, प्रमुख मार्गों, बाजारों एवं ताजिया मार्गों का निरीक्षण किया गया।

रूट मार्च के दौरान चिन्हित स्थलों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती, प्रभावी बैरिकेडिंग, सीसीटीवी निगरानी एवं सतत गश्त सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अधिकारियों द्वारा मोहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने हेतु पुलिस-प्रशासन की पूर्ण प्रतिबद्धता व्यक्त की गई।

साथ ही आमजन से अपील की गई कि वे पर्व को आपसी भाईचारे के साथ मनाएं तथा किसी भी प्रकार की अफवाह/भ्रामक सूचना पर ध्यान न दें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें।






# महोबा पुलिस

दिनांक- 16.06.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 212/26

## आगामी मोहर्रम पर्व को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने हेतु पीस कमेटी बैठकों का आयोजन, ताजिया मार्गों का स्थलीय निरीक्षण एवं संवेदनशील क्षेत्रों में पैदल गश्त...।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह के निर्देशन में जनपद में आगामी मोहर्रम पर्व को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराए जाने हेतु व्यापक सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है।

इसी क्रम में क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री अनुरुद्ध कुमार द्वारा थाना कुलपहाड़ परिसर में तथा क्षेत्राधिकारी नगर श्री रविकान्त गोंड द्वारा थाना कोतवाली नगर में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में क्षेत्र के धर्मगुरुओं, संभ्रांत नागरिकों, जनप्रतिनिधियों एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति में आपसी समन्वय, भाईचारा एवं शांति बनाए रखने पर विस्तृत चर्चा की गई। सभी से अपील की गई कि पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें।

बैठक उपरांत पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा संबंधित थाना क्षेत्रों में ताजिया मार्गों का निरीक्षण करते हुए पैदल गश्त की गई। इस दौरान मार्गों की साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था, संभावित अवरोधों एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही संवेदनशील एवं मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में भ्रमण कर आमजन से संवाद स्थापित करते हुए शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील की गई।

जनपद पुलिस द्वारा स्पष्ट किया गया कि मोहर्रम पर्व के दौरान शांति व्यवस्था भंग करने वाले किसी भी व्यक्ति के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस-प्रशासन पूरी तरह सतर्क है एवं प्रत्येक स्थिति पर सतत निगरानी रखी जा रही है।

जनपदवासियों से अपील है कि आपसी भाईचारे एवं सौहार्द के साथ पर्व मनाएं तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस-प्रशासन का सहयोग करें।




